तीन साल में यूपी करेगा 3 लाख करोड़ का निर्यात

लखनऊ, विशेष संवाददाता। यूपी के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा कि यूपी का निर्यात वर्तमान में 1.74 लाख करोड़ रुपये है। इसे बढ़ाकर तीन साल में तीन लाख करोड़ रुपये करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि निर्यातक अपना निर्यात बढ़ाकर वैश्विक स्तर पर यूपी का गौरव बढ़ाएं।

मंत्री ने यह बातें गुरुवार को राज्य निर्यात पुरस्कार वितरण समारोह में कहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। पांच साल में निर्यात दुगना हो गया है।

यूपी के ईज आफ डूइंग बिजनेस में नंबर एक पर आने के आसार : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि निवेशकों व उद्यमियों के लिए यूपी सरकार ने हर मोर्चे पर माहौल बनाने से लेकर सहूलियत उपलब्ध कराने के लिए बड़े स्तर पर काम किया है। इसलिए केंद्र सरकार की जल्द जारी होने वाली ईज आफ डूइंग बिजनेस की रैंकिंग में यूपी के नंबर एक पर आने के आसार हैं। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि आप समस्याएं ही नहीं समाधान का रास्ता भी बताएं।

एमएसएमई विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने निवेशकों से कहा कि वह सरकार की नई प्लेज स्कीम का लाभ उठाएं। केवल एक साल में 10 औद्योगिक पार्क के लिए निवेशकों को मुख्यमंत्री ने चेक दिए हैं। संवाद सत्र में कई क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने विचार रखे।

एमएमएमई मंत्री नंद गोपाल नंदी ने गुरुवार को निर्यातकों को पुरस्कार वितरित किए।

इन निर्यातकों को दिया गया पुरस्कार

भदोही	परवेज कारपेट्स
मुरादाबाद	दीवान एंड संस
आगरा	डावर फुटवियर इंड.
गाजियाबाद	चंद्रा फैब्रिक्स प्रा.लि.
गौतमबुद्धनगर	साईं क्रिएशंस
गाजियाबाद	अजंता इलेक्ट्रिकल्स
गौतमबुद्धनगर	एक्सस्मार्ट
सहारनपुर	आर्ट एंड एंटीक
आगरा	सुधा स्टोन वर्क्स
फिरोजाबाद	ट्रांसपेरेंट ओवरसीज
मेरठ	भल्ला इंटरनेशनल
वाराणसी	वेलकिन एपेक्स
लखनऊ	चोपड़ा रीटेक रबर प्रोड.
हाथरस	कृष्णा सेल्स कॉर.
चंदौली	आरएएस पॉलीटेक्स
मेरठ	चोपड़ा म्यूजिकल्स
रामपुर	नीरू मेंथाल